अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक / अधि0छा0क0 / 2020 / 794 रीवा, दिनांक 16.1.2020

प्रति,

प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय
शासकीय कन्या महाविद्यालय, रीवा
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना
शासकीय कन्या महाविद्यालय, शहडोल
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीधी
शासकीय महाविद्यालय, उमरिया
शासकीय महाविद्यालय, अनूपपुर
शासकीय महाविद्यालय, बैढ़न (सिंगरौली)

विषयः महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

संदर्भः मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र0 36 / अउाशि / शा. 5'अ' / 20 भोपाल दिनांक 14.1.2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के परिपालन में लेख है कि महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में महात्मा गांधी जी पर केन्द्रित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है –

क्र	दिनांक	स्तर प्रतियोगिता	प्रतियोगिता "विषय"
1	17 जनवरी 2020	महाविद्यालय स्तर	महात्मा गांधी जी के जीवन पर केन्द्रित प्रश्न मंच प्रतियोगिता
2	20 जनवरी 2020	जिला स्तर	
3	24 जनवरी 2020	विश्वविद्यालय स्तर	

विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सबंधित विश्वविद्यालय के दल प्रभारी के साथ दिनांक 30 जनवरी 2020 को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय स्तर के लिए, जिला स्तर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के व्यवसाय प्रशासन विभाग (एमबीए विभाग) के सभागार में दिनांक 24 जनवरी, 2020 को पूर्वान्ह 10.30 वजे अपने दल प्रभारी के साथ उपस्थित होना होगा। इस टीम की सहभागिता का उत्तरदायित्व संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

राज्य स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में दिनांक 30 जनवरी 2020 को आयोजित होना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को एक दिन पूर्व दिनांक 29 जनवरी 2020 को

पुनः विश्वविद्यालय मुख्यालय में उपस्थित होकर दल प्रभारी के नेतृत्व में भोपाल के लिए सहभागिता हेतु प्रस्थान करना होगा जिसका व्यय भार विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण पृथक से जारी होने पर प्रेषित किया जावेगा।

अतः उपरोक्तानुसार जिला स्तर तक की प्रतियोगिता आयोजित कर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट छायाचित्रों, छायाप्रतियों सहित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक द्वारा संधारित कर एकजाई जानकारी अकादमिक शाखा के ई–मेल academy-he@mp.gov.in पर प्रेषित किया जाना है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1 अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय, रीवा।
2 कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।
3 विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग।
4 सांस्कृतिक प्रभारी, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
5 प्रो0 पी0के0 राय कम्प्यूटर विभाग कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।

16.1.2020

अधिष्ठाता छात्र कल्याण